
तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 6 दिसंबर 2024

12 सरकार किसानों का पूरा धान नहीं खरीदना चाहती...

10 अग्निवीर बन कर लौटे लवकुश का ग्रामीणों ने ...




## खबर संक्षेप

### सूने मकान से नकदी व जेवर पार

**बालोद**। ग्राम चीचलगोंदी के एक किसान के घर से 5000 रुपए के गहना सहित नगदी रकम 20,000 रुपए चोरी कर चोर फरार हो गए। चीचलगोंदी निवासी लीलाधर ने बुधवार को अर्जुन्दा थाने में अपराध पंजीबद्ध कराते हुए बताया कि बुधवार की सुबह करीबन 9 बजे मैं व मेरे पूरे परिवार के लोग घर में ताला बंद कर अपने–अपने काम में चले गये थे तथा छोटी बहू भोमवती आंगनबाड़ी में ड्यूटी चली गई थी। जो करीबन दोपहर 3 बजे घर वापस आयी तो देखी कि घर का ताला टूटा हुआ है एवं दरवाजा खुला है तथा घर में सामान अस्त व्यस्त बिखरा हुआ था। जिसे देखकर मेरी बहु ने मुझे फोन लगाया। घर आकर देखा तो घर की आलमारी में रखे एक नग सोने की पत्ती पुरानी इस्तेमाली कीमती 3000 रुपए व तीन नग चांदी के पायल पुरानी इस्तेमाली कीमती 5000 रुपए वही नगदी रकम 20,000 रुपए कुल जुमला कीमती 28,000 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। जिस मामले पर अर्जुन्दा थाने में बुधवार को अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305 बीएनएस 331(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### अज्ञात वाहन ने ठोका पीड़ित ने दो साल बाद लिखाई रिपोर्ट

**बालोद**। दल्लीराजहरा स्थित कमला अस्पताल के सामने रोड पर पैदल चल रहे रविकांत वाघाडे को अज्ञात वाहन चालक ने ठोकर मार दी। प्रार्थी ने राजहरा थाने में घटना के दो साल बाद मामला दर्ज कराया है। राजहरा वार्ड क्रमांक 5 निवासी रविकांत वाघाडे ने बताया कि दो वर्ष पूर्व 10 जनवरी 2022 को शाम पैदल रोड किनारे चलते हुए मानपुर चौक से राजहरा की ओर आते समय शाम 05.30 बजे कमला अस्पताल के सामने से होकर गुजर रहा था। उसी समय पीछे से कोई अज्ञात वाहन चालक द्वारा वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते आये और पीछे से ठोकर मार दी। इससे गिरकर बेहोश हो गया और उपचार के दौरान हिप में चोट आने से फ्रेक्चर हो गया था। इस मामले पर 4 दिसंबर 2024 को अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 279 आईपीसी, 337 आईपीसी तहत अपराध पंजीबद्ध हुआ है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति के बेहोश होने के बाद अन्य व्यक्तियों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चला और उसी दिन होश आ गया। लेकिन, गंभीर चोट होने के कारण घायल व्यक्ति को परिजनों ने अच्छे इलाज के लिए रायपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया। वहां एक साल तक इलाज करवाने के बाद तथा घर में आकर आराम करने के बाद घायल व्यक्ति ने मामले के दो साल बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### बस की टक्कर से दोपहिया सवार एक व्यक्ति की मौत, दुसरा घायल

**बालोद**। पटेली बाजार चौक मोड़ के पास बस ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। इससे वाहन सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, तो वहीं दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। इस मामले में बुधवार को मृतक के बेटे की रिपोर्ट पर डौंडी थाने में बस चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस, 125(ए) बीएनएस, 281 बीएनएस तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम भीमाटोला के रहने वाले लोकेश कुमार मंडावी ने बताया कि 4 दिसंबर को मेरे पिता देवल सिंह मंडावी एवं बड़े पिता खोरबाहरा राम मंडावी दोनों लुना मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 वी 3880 से शाम करीबन 4.30 बजे घर से मड़ियाकट्टा जाने के लिए निकले थे। गाड़ी को बडे पिता खोरबाहरा राम चला रहे थे, पीछे देवलसिंह बैठे थे। तभी शाम 6 बजे सूचना मिली, कि शाम 5.30 बजे पिता देवल सिंह एवं बड़े पिता खोरबाहरा राम को जय माता दी ट्रेवल्स बस क्रमांक सीजी 24 एस 1004 ▶▶ शेष पेज 11 पर

# सरदार पटेल मैदान में गेट के पास फिर हुआ गड्ढा, आवागमन में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिस सरदार पटेल मैदान को कई तरह के कार्यों के लिए किराए पर देकर नगर पालिका लाखों की कमाई करती है, उसी पटेल मैदान को व्यवस्थित रखने के लिए जरा ध्यान भी नहीं दे रही है।

स्कूल से मैदान में जाने के रास्ते में हुए गड्ढे की मरम्मत करने में नगर पालिका प्रशासन को तीन माह लग गया था, विडम्बना है कि इस मरम्मत के दो दिन बाद ही पुराने गड्ढे के बगल में एक और गड्ढा हो गया, जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सालभर में कई व्यापार मेला, शादी पार्टी व पटाखा दुकानो को किराए पर देकर नगर पालिका इस मैदान के माध्यम से लाखों की कमाई करती है। लेकिन पिछले तीन माह से इस मैदान के स्कूल के सामने वाले गेट पर एक तरफ गड्ढा बन गया था, जिसमे लगातार वाहनों की आवाजाही के कारण गड्ढा लगातार बढ़ता जा रहा था। गड्ढा इतना बड़ा हो गया कि दोपहिया वाहन तो आसानी किनारे से होकर निकल जाते थे, लेकिन चारपहिया वाहन चालकों को दूसरे मार्ग से हाई स्कूल रास्ते पर आना पड़ता था। तीन माह बाद आखिरकार इस गड्ढे की मरम्मत तीन दिन ही पहले की गई थी। मरम्मत के बाद उस गढ्ढे से लगा हुआ एक गेट को बंद कर दिया गया था, ताकि मरम्मत हुए पकने का समय मिल सके और उसमे कोई वाहन न चले तथा मरम्मत हुए गड्ढे में क्षति न पहुंचे, इसलिए कांटे डाला गया था।

## मैदान को किराए पर देकर लाखों कमाने वाली नगर पालिका सुविधाओं पर नहीं दे रही ध्यान

### दुर्घटना की आशंका

लेकिन एक गेट बंद होने पर वाहनों की आवाजाही दूसरे गेट से चालू थी, जो मात्र दो दिन ही वाहनों की आवाजाही सहन कर सका और तीसरे दिन दूसरे मार्ग पर भी गड्ढा हो गया, जो सुबह छोटे स्तर पर था लेकिन शाम होते-होते वह बढ़ गया और दोपहिया वाहनों को आने जाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।



### फंस चुके कई वाहन

मार्ग पर गड्ढा होने के कारण कई बार इसमें कई चारपहिया वाहन फंस चुके हैं, वहीं दोपहिया वाहन चालकों को भी अचानक से गड्ढा दिखने से दोपहिया वाहन चालक पैदल पार करने को मजबूर होते हैं। वहीं दिन में तो जेसे तैसे यह गड्ढा वाहन चालकों को दिख जाता है, लेकिन रात में मैदान में अंधेरा रहता है और मार्ग में भी अंधेरा रहता है जिसके कारण अंधेरे में गड्ढा नहीं दिखने के कारण वाहन चालक कई बार दुर्घटना की शिकायत हो चुकी है, लेकिन इस और नगर पालिका द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। अब देखने वाली बात यह है कि किराये के माध्यम से लाखों कमाने वाली नगर पालिका आखिर इस मैदान के गेट के पास हुए गढ्ढे की मरम्मत करने में कितना दिन लेती है।

**कार्रवाई : राजस्व, वन और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई**

# बिना रायल्टी रेत का अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग पर कार्रवाई, 9 हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

- रेत के अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद, कार्रवाई के दूसरे ही दिन फिर गुजरे 50 से ज्यादा हाईवा

क्षेत्र से गुजरने वाले रेत से भरे वाहनों पर महीनों बाद तीन विभागों की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। इस अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग मामले में प्रशासन ने 9 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। आरोप है कि सभी बिना रायल्टी रेत का अवैध परिवहन कर रहे थे। इस कार्रवाई में राजस्व, वन और पुलिस विभाग की संयुक्त अधिकारी कर्मचारी शामिल थे। वहीं, बताया जा रहा है कि इस कार्रवाई के बाद भी दूसरे दिन धमतरी चारामा क्षेत्र से 50 से अधिक हाईवा पुनः रेत भरकर गुरूर क्षेत्र से निकले।

मिली जानकारी के अनुसार बिना रायल्टी अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए गुरूर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 930 पर 9 हाईवा को पकड़ जब्त किया गया। रेत से भरे ओव्हरलोड हाईवा धमतरी व चारामा की ओर से रेत भरकर भिलाई की तरफ आ रहे थे। रायल्टी पर्ची के अवैध रूप से रेत का परिवहन करना पाया गया। मौके पर उक्त सभी हाईवा को जब्त कर गुरूर पुलिस को सुपुर्द किया गया है, सभी जब्त वाहन गुरूर थाना परिसर में खड़े किए गए हैं। वहीं, राजस्व विभाग ने प्रकरण बनाकर खनिज विभाग को आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया है। गौरतलब है कि धमतरी व चारामा की तरफ से रेत भरकर पुरूर की तरफ से बड़ी संख्या में हाईवा प्रतिदिन 2 बजे से निकलते हैं। यह क्रम बीते ड़ेढ़ माह से जारी है, लेकिन पहली बार इस प्रकार की कार्रवाई की गई है। गुरूर क्षेत्र से बीते डेढ़ साल से धमतरी चारामा क्षेत्र से रेत के वाहन बड़ी सुबह निकल रहे हैं पर कभी ऐसी बड़ी कार्रवाई नहीं की गई।



### कार्रवाई का भी असर नहीं, फिर गुजरे कई वाहन

बुधवार को जहां एक ओर रेत का अवैध परिवहन करते हुए हाईवा को जब्त किया गया है। बड़ी बात तो यह है कि उक्त कार्रवाई से संबंधित हाईवा संचालकों व अन्य ट्रांसपोर्टरों में कोई असर नहीं हुआ है, दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में रेत से भरे हाईवा एवं ट्रैक्टर गुरूर क्षेत्र से निकले। तो वहीं दूसरी तरफ इस पूरी कार्यवाही से खनिज, आरटीओ और ट्राफिक विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं, क्योंकि रोजाना धमतरी, चारामा की ओर से रेत का अवैध रूप से परिवहन कर हाईवा पुरूर व गुरूर की सड़कों से होकर गुजरते हैं, इसके बावजूद विभाग के जिम्मेदार अधिकारी गिनती की कार्रवाई कर वाहवाही बटोरते हैं।

# बच्चों के झगड़े में बड़े उलझे, चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- बालोद थाने में दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज

पुत्र से मारपीट कर रहे तीन लोगों को मना करने पर शहर के मस्जिद के पास संतोष नाथ योगी को चाकू मारने के आरोप में बालोद थाना में बुधवार को तीन लोगों के खिलाफ धारा 118(1) बीएनएस, 296 बीएनएस, 3(5) बीएनएस, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष में चंद्रिका दुबे की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस, 3(5) बीएनएस, 351(2) के तहत मामला कायम किया गया है।

नयापारा बालोद निवासी संतोष नाथ योगी ने बताया कि बुधवार की शाम घर में था, तभी चंद्रिका दुबे के लड़के आर्पित दुबे ने मोबाईल से कॉल कर मज्जिद के पास बच्चों के झगड़े को निपटाने कए बुलाया। मस्जिद के पास बालोद शाम करीबन 06:30 बजे गया, तो वहाँ पर अर्पित दुबे, चंद्रिका दुबे, मनस्वी दुबे थे, जो मेरे पुत्र हर्ष योगी को मारपीट रहे थे। उन्हें मना किया तो अर्पित दुबे, चंद्रिका प्रसाद दुबे ने मुझे से गाली गलौज की व मनस्वी दुबे गालियां व धमकी देकर अर्पित दुबे ने चाकू से मेरे पेट में व चंद्रिका दुबे ने पत्थर से मारा है। मनस्वी दुबे ने हाथ मुक्का से मारपीट किया है।

वहीं इसी मामले में दूसरे पक्ष चंद्रिका दुबे ने थाने में शिकायत की है कि शाम करीबन 06:30 बजे मेरा बेटा अर्पित दुबे ने मुझे बोला कि मेरा हर्षनाथ योगी के साथ एक वीडियो बनाने की बात को लेकर विवाद है। विवाद को सुलझाने के लिए हर्षनाथ योगी अपने पिता संतोष योगी को साथ लेकर मस्जिद के पास आये हैं, आप मेरे साथ चलो बात कर समझौता करेंगे। मैं अपने पुत्र अर्पित के साथ मस्जिद के पास गया जहां पर हर्षनाथ योगी एवं उनके पिता और कोसरिया खड़े थे। हम दोनों पक्ष वीडियो बनाने की बात को लेकर चर्चा कर रहे थे इसी दौरान चर्चा विवाद में बढ़ गया। विवाद करते हुए हर्षनाथ योगी, संतोष योगी एवं चीनू कोसरिया ने गाली गलौज करते हुए मुझे तथा मेरे बेटे को धमकी देकर मुझे धक्का दे दिया, तब मेरा ▶▶ शेष पेज 11 पर

# शराब पीने के दौरान विवाद, पुत्र ने कर दी पिता की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

- डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम भेड़ी की घटना

समीपस्थ ग्राम भेड़ी में मामूली सी बात पर पिता-पुत्र में कहासुनी हो गई। बात बढ़कर गाली गलौज और मारपीट तक पहुंच गई। इस बीच बेटे ने बाल्टी व कुदाली से पिता पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बेटे द्वारा किए गए वार से पिता के सिर पर गहरी चोट लगी और वह वहीं पर बेहोश होकर गिर गया। उन्हें तत्काल नगर के शासकीय अस्पताल लाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज राजनांदगांव रेफर किया गया। स्थिति को देखते हुए वहां से भी हायर सेंटर रायपुर रेफर किया गया। परन्तु दो दिन बाद उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। घटना 27 नवम्बर की देर शाम साढ़े सात बजे की है व उसी दिन नगर के अस्पताल से राजनांदगांव मेडिकल कालेज व 28 नवम्बर को मेडिकल कालेज से रायपुर रिफर किया गया था रायपुर के डीकेएस हॉस्पिटल में इलाज के दौरान 30 नवम्बर को उसकी मौत हो गई थी। मर्ग डायरी मिलने के बाद पुलिस ने आगे की कार्यवाही करते हुए आरोपी बेटे को गिरफ्तार किया है।



### दोनों साथ बैठकर पी रहे थे शराब

टीआई वीणा यादव व विवेचना अधिकारी एएसआई आर सोनवानी ने बताया कि 27 नवम्बर को आरोपी सोहनलाल ठाकुर उम्र 27 वर्ष व उसके पिता भागीराम ठाकुर खेत से कार्य निबटाकर घर में शराब पी रहे थे। तभी शराब को लेकर ही दोनों बाप-बेटे में विवाद हो गया व गाली गलौज के साथ साथ मारपीट शुरू हो गई। बेटे ने पास पड़े बाल्टी व कुदाली से बाप पर हमला कर दिया, जिससे वह खून से लथपथ होकर गिर पड़ा व बेहोश हो गया। घर परिवार के अन्य लोगों ने उसे तुरंत ही नगर के शासकीय अस्पताल लेकर आए थे। पुलिस में बेटे के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया गया था।आरोपी आदतन अपराधी भी है। इससे पहले हैदराबाद में खाने कमाने गया था, वहाँ पर भी पुलिस में मामला दर्ज हुआ था व लोहारा पुलिस में भी पहले एक मामला दर्ज है। पुलिस ने धारा 296 351 (2) 115 (2) 103 (1) बीएनएस के तहत आरोपी सोहनलाल ठाकुर पिता भागी राम ठाकुर उम्र 27 साल पता वार्ड नंबर 1 तालाब पार भेडी को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया गया है।

# घर में चल रही थी प्रार्थना सभा, ग्रामीणों ने घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

- ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने बंद कराया

नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 शांति नगर गुरूर के एक मकान में प्रार्थना सभा चल रही थी जिसकी जानकारी वार्डवासियों को होने पर ढाई सौ से अधिक महिला पुरूष उस मकान के पास पहुंच कर विरोध करने लगे। वार्डवासियों की सूचना पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा भी वहां पहुंचे। वार्डवासियों की शिकायत पर गुरूर पुलिस भी पहुंची थी। पुलिस हस्तक्षेप के बाद कथित प्रार्थना सभा बंद हुई। सभी को समझाईश देकर रवाना किया गया।

वार्डवासियों ने आरोप लगाया कि शांति नगर गुरूर में एक अधूरे मकान में कथित तौर पर ईसाई मिशनरियों द्वारा नगर से बाहर के कुछ लोग पहुंच नगर एवं बाहर के लोगों को बहला फुसला कर अपने धर्म अपनाने का प्रयास जारी है। कुछ समय पूर्व यहां कुछ लोगों ने मकान बनवाया। वार्ड वासियों को लगा कि कोई व्यक्ति घर बना रहा है। लेकिन जब लोगों ने रविवार को प्रार्थना सभा होते देखा तब पता चला कि घर की आड़ में चर्च बनाया जा रहा है। गुरूर में लगभग सभी सनातन धर्म को मानने वाले हैं। जिसे धर्म परिवर्तन कराकर ईसाई मिशनरी वाले अपनी संख्या बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन जन्म से ही सनातन धर्म को मानने वाले हिन्दुओं ने इस तरह का कार्य करने वालों को एक बार एकजुट होकर समझाया है कि हमारे वार्ड में चर्च बनाकर भोले भाले लोगों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करने का कार्य न करें। वार्डवासियों ने बताया कि उस प्रार्थना सभा में बहुसंख्यक नगर के बाहर के लोग थे, नगर के गिनती के लोग थे। बाहर से लोग आकर नगर का माहौल को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं।





जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस बल भी पहुंची एवं उन्हें समझाईश देकर वहां से सुरक्षित रवाना किया गया। इस दौरान मुख्यरूप से पूर्व नगरपंचायत अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, शशीकांत जगदल्ले, पुन्ना लाल सहरे, निखिल टेके एवं वार्ड 14 एवं 15 के सभी महिला पुरुष एवं बच्चे मौजूद रहे।

**ग्राम मटंग में हुआ कवि सम्मेलन**

# व्यस्त रहिबे, त मस्त रहिबे, साहित्यकार सीताराम साहू ने कविता से दिया स्वस्थ रहने का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम मटंग में रात्रि में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें आकाशवाणी दूरदर्शन कलाकार, साहित्यकार सीताराम साहू श्याम ने साहित्य को समाज का हित साधन की बात कहते हुए बुजुर्गों को स्वस्थ रहने का मंत्र दिया और व्यस्त रहिबे, ता मस्त रहिबे शीर्षक से कविता पढ़ी।

हास्य कवि गजपति राम साहू ने कविता के माध्यम से भोले पार्वती विवाह का सजीव चित्रण किया एवं पारिवारिक सामंजस्य पर अपनी कविता पढ़ी। केशव राम साहू ने पर्यावरण संरक्षण एवं गुरु घासीदास बाबा को गीत के माध्यम से नमन करते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया। योगेश छत्तीसगढ़िया ने सामाजिक विषमताओं पर प्रहार करते हुए कविता पढ़ी। जलज ताम्रकार ने गीत, गजल के माध्यम से सकारात्मक सोच एवं उम्मीद के दामन थामें रहने की बात कही। हीरालाल वर्मा ने भागवत महापुराण को सनातनी आस्था का केंद्र बताते हुए संस्कार प्राप्ति की सीढ़ी बताया। इस अवसर पर ग्रामवासी के साथ सर्वोदय नेता घनश्याम पटेल, गरीबदास, विशाहू राम चंदन, विषय लाल पटेल, भागवत राम वर्मा, पोसू राम निर्मल, रामगोपाल भारद्वाज, तेल सिंह निर्मलकर, प्रेमलाल पटेल, दीपक बारले, वामन चंद्राकर, जगदीश वर्मा, अंजू निर्मलकर, कुलेश्वरी पटेल, सेवती पटेल, खुशबू निर्मलकर उपस्थित थे। इस अवसर पर सर्वोदय नेता स्वर्गीय पंथ राम वर्मा जो अपने जमाने के साहित्यकार थे एवं मध्य प्रदेश शासन के समय भूदान बोर्ड के अध्यक्ष रहे जो जीवनपर्यंत चरखा से सूत कातते रहे, जिन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई।



# ग्राम रमतरा में डांस प्रतियोगिता कल

**गुरूर**। फूलकैना परिवार रमतरा के तत्वावधान में 7 दिसम्बर को एक दिवसीय राज्य स्तरीय रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीषम सार्वा बेलोदी होंगे, अध्यक्षता हेडमास्टर खोलझर पवन कुमार बमबोड, जगदीश राम, झम्मन हिरवानी करेंगे। समिति के अध्यक्ष वरुण कुमार ने बताया कि सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 10,000 रुपये, द्वितीय 7000 रुपये, तृतीय 4000 रुपये, चतुर्थ 2000 रुपये, पंचम 1000 रुपए प्रदान किए जाएंगे। युगल नृत्य में प्रथम 4000 रुपये, दितीय 3000 रुपये, तृतीय 2000 रुपये, चतुर्थ 1000 रुपये, पंचम 700 रुपये है। इसी तरह एकल नृत्य प्रथम 3000 रुपये, द्वितीय ▶▶ शेष पेज 11 पर

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक शाला झोफरा में बच्चे के जन्मदिन पर कराया न्योता भोज


**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला झोफरा में कक्षा दूसरी के छात्र खुशाल ठाकुर के जन्मदिन पर उनकी दादी मनोरमा ठाकुर व माता उत्तरा ठाकुर ने स्कूल के सभी 24 बच्चों को न्योता भोज कराया। इस अवसर पर तुलसी ठाकुर, रश्मि ठाकुर व स्कूल के प्रधान पाठक प्रीति मंडावी, सरिता बेलचंदन व सहायक शिक्षक भोलेश महतो उपस्थित थे।

### राजाराव पठार करेंझर में विराट वीर मेला 9 से

**गुरूर।** सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद, धमतरी एवं कांकेर के संयुक्त तत्वावधान में शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर विराट वीर मेला का आयोजन 8 से 10 दिसंबर तक राजाराव पठार करेंझर में किया गया है। 8 दिसंबर को देव स्थापना, देव पूजा, देव मिलन, आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम व युवा सम्मेलन रखा गया है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज अरविंद नेताम, पूर्व अध्यक्ष छ.ग राज्य अनु.ज.जा. आयोग जीआर राना, अध्यक्ष छ.ग गोडवाना गोड़ महासभा अकबर कोर्राम, राष्ट्रीय अध्यक्ष गोडवाना गोंड महासभा आरसी नेताम सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। 9 दिसंबर को आदिवासी प्रतिभाओं का सम्मान, मातृ शक्ति सम्मेलन, आदिवासी महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ रामलाल, मंत्री रामविचार नेताम, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े एवं विधायक पत्थलगांव गोमती साय उपस्थित रहेंगे। मुख्य वक्ता पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ अरविंद नेताम रहेंगे। कार्यक्रम के अंतिम दिन 10 दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे, अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष छ.ग गोण्डवाना गोंड़ महासभा अकबर राम कोर्राम करेंगे।

## निधन

### झाड़ू राम



**गुरूर।** ग्राम डोकला निवासी झाड़ू राम का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रमोद सिन्हा के दादा जी थे।

### पार्वती साहू



**गुरूर।** ग्राम पलारी निवासी पार्वती साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सुपेश साहू व यानेश साहू की दादी थीं।

### क्रांतिवीर कंगला मांझी के समाधि स्थल ग्राम बघमार में शुरू हुआ तीन दिवसीय कार्यक्रम

# क्रांतिवीर कंगला मांझी की पुण्यतिथि पर हजारों की संख्या में आदिवासी किसान सैनिक जुटे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था एवं अखिल भारतीय माता दंतेवाड़ी समाज समिति के संस्थापक एवं जनक क्रांतिवीर कंगला मांझी की पुण्यतिथि पर जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बघमार में क्रांतिवीर कंगला मांझी स्मृति दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके अनुयायियों का जन सैलाब उमड़ पड़ा है। कार्यक्रम में क्रांतिवीर कंगला मांझी की धर्मपत्नी एवं मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था एवं अखिल भारतीय माता दंतेवाड़ी समाज समिति के अध्यक्ष राजमाता फूलोदेवी कांगे एवं उनके सुपुत्र कुंभदेव कांगे सहित उनके परिजन उपस्थित थे।

क्रांतिवीर कंगला मांझी के समाधि स्थल ग्राम बघमार में 5 से 8 दिसम्बर तक आयोजित कार्यक्रम में उन्हें नमन करने छत्तीसगढ़ राज्य के साथ–साथ महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश से भी हजारों अनुयायी पहुँचे हैं। इस दौरान मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था के विशाल संख्या में सैनिकों के अलावा अखिल भारतीय माता दंतेवाड़ी समाज समिति के सदस्यों के अलावा उनके अनुयायी क्रांतिवीर कंगला मांझी के समाधि स्थल में पहुँचकर अपने आराध्य को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।





### कांकेर जिले के ग्राम तेलावट में हुआ था जन्म

उल्लेखनीय है कि क्रांतिवीर कंगला मांझी का स्वतंत्रता संग्राम के योगदान में प्रमुख योगदान रहा है। उनका जन्म कांकेर जिले के ग्राम तेलावट में हुआ था। वे 1913 में स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ चुके थे इसके पश्चात 1914 में महात्मा गांधी से मुलाकात करने के पश्चात उन्होंने राष्ट्रीय आंदोलनों में प्रमुख भूमिका निभाई। क्रांतिवीर कंगला मांझी सामान्य परिवार से ताल्लुकात रखते थे लेकिन उनका दृष्टिकोण बहुत ही व्यापक था।

### संस्था के सैनिकों को वर्दी व बिल्ला

कंगला मांझी ने अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था एवं अखिल भारतीय माता दंतेवाड़ी समाज समिति की स्थापना के बाद लगातार आदिवासी समाज के लोग उनके संगठन में जुड़कर उनके सदस्य बनते गए। इसके पश्चात 1951 में मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था के सैनिकों को बिल्ला एवं सैनिक की वर्दी प्रदान करने की परंपरा शुरू की गई। शासन की ओर से इनके संस्था को लाल ध्वज भी प्रदान किया गया। लाल ध्वज समतावादी समाज के लिए चिंतित कमला मांझी के चिंतन का प्रतीक था। राष्ट्र सेवा एवं आदिवासी उत्थान के लिए आजीवन कार्य करते हुए क्रांतिवीर कंगला मांझी 05 दिसंबर 1984 को ग्राम बघमार में अपने प्राण त्यागे थे। तब से लेकर आज पर्यंत तक हजारों की संख्या में उनके अनुयायी उन्हें श्रद्धांजलि देने उनके कर्म स्थलीय ग्राम बघमार में पहुँचते हैं।

### सैनिकों ने दी सलामी

समारोह में विशाल संख्या में उपस्थित श्री मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था के सैनिकों ने निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए क्रांतिवीर कंगला मांझी एवं राजमाता फूलोदेवी कांगे को सलामी दी। विशेष बात यह है कि इस संगठन के सभी कार्यकर्ता बिना किसी वेतन एवं मानदेय के क्रांतिवीर कंगला मांझी के प्रति अटूट आस्था और विश्वास के कारण इस संगठन में जुड़कर समाज सेवा के पुनीत दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। आदिवासियों पर हो रहे अन्याय व अत्याचार से व्यथित होकर किया था संस्था का निर्माण मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था के स्थापना एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष राजमाता फूलोदेवी कांगे ने बताया कि देश के स्वाधीनता के पूर्व देश व राज्य में आदिवासियों पर हो रहे अन्याय व अत्याचार से व्यथित होकर क्रांतिवीर कंगला मांझी ने इस संगठन का निर्माण किया था। इसके माध्यम से उन्होंने देश के स्वाधीनता में योगदान देने के अलावा स्वाधिनता के पश्चात आदिवासी समाज के लोगों एवं वंचित वर्ग के लोगों को मुख्य धारा में जोड़कर उनका उत्थान सुनिश्चित करना है।


# जेवरतला बूथ क्रमांक 142 के अध्यक्ष बने खिलेश्वर



**गुरूर।** शक्ति केंद्र मोहारा के अंतर्गत ग्राम जेवरतला बूथ क्रमांक 142 का बूथ स्तर का चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। इसमें खिलेश्वर साहू को बूथ अध्यक्ष व धर्मेन्द्र कुमार साहू को बूथ सचिव नियुक्त किया गया।

इस दौरान चुनाव प्रभारी जितेंद्र साहडा, शक्ति केंद्र संयोजक डॉ हरिकृष्ण गंजीर एवं चुनाव प्रभारी बोधराय हिरवानी, सहसंयोजक नीलकंठ साहू, केशवराम धनकर, अध्यक्ष सेवा सरकारी समिति मोहारा तुलाराम साहू, बूथ अध्यक्ष मोहारा हुमन साहू, थानू राम उपस्थित थे। इस अवसर पर हुसैन साहू, उमेश कलिहारी, भगवान साहू, नरोत्तम निर्मलकर, जगराम यादव, लखन लाल साहू, नरेंद्र कुमार साहू, यशवंत कुमार सार्वा, रामेश्वर निर्मलकर, चतुर निर्मलकर, विश्वनाथ साहू, भूषण साहू, भूपत राम साहू, दीपक अग्रवाल एवं बूथ के सभी भाजपा कार्यकर्ता की उपस्थिति में बूथ समिति का गठन किया गया।

# भाजपा गुण्डरदेही मंडल में बूथ अध्यक्षों का किया गया चुनाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

भारतीय जनता पार्टी गुण्डरदेही मंडल के अंतर्गत ग्राम कलंगपुर, भटगांव, खूटेरी(भट), चाराचार, चारभांठा में बूथ अध्यक्ष, बूथ मंत्री और सदस्यों का चुनाव संपन्न हुआ।

चुनाव अधिकारी प्रमोद जैन एवं सहायक चुनाव अधिकारी भीखा राम साहू के द्वारा चुनाव संपन्न कराया गया, जिसमें ग्राम कलंगपुर में बूथ क्रमांक 240 मे केश राम साहू को बूथ अध्यक्ष एवं डीलेश्वर साहू को सचिव साथ ही बूथ क्रमांक 241 से विजय सिन्हा को बूथ अध्यक्ष एवं दिलेश्वर साहू को सचिव एवं 12 पदाधिकारी निर्वाचित किए गए। इसी तरह ग्राम भटगांव में प्रताप ख़ुटेल बूथ अध्यक्ष एवं लोमेश कुमार बूथ मंत्री के साथ 16 सदस्य निर्वाचित हुए, ग्राम चाराचार में बूथ अध्यक्ष भेष कुमार साहू, बूथ मंत्री माखन साहू और 16 सदस्य निर्वाचित हुए, ग्राम खूटेरी में बूथ अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, बूथ मंत्री धर्म सिंह साहू और 16 सदस्य निर्वाचित हुए। इसी तरह ग्राम चारभांठा में बूथ अध्यक्ष देवधर साहू, बूथ मंत्री राम सहायक साहू और 16 सदस्य निर्वाचित हुए।

# किसान के खाते से 95 हजार पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- कोतवाली थाना में दर्ज हुआ धोखाधड़ी का मामला

कोतवाली थाना में एक बार फिर धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। जहां दरबारी नवागांव के एक किसान के खाते से लगभग 95,238 रूपये अज्ञात नंबर से फोन पे के माध्यम से निकाल लिया गया है।

किसान द्वारा कोतवाली थाना में सूचना देने पर बुधवार को अज्ञात मोबाइल नम्बर धारक के विरूद्ध 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध हुआ है। ग्राम दरबारी नवागांव निवासी किसान तामेश्वर कुमार साहू ने बताया कि 28 नवंबर को मोबाईल नंबर से फोन–पे के माध्यम से मेरे साथ कुल 95,238 रूपये की धोखाधड़ी हुई है।

प्रार्थी ने बताया कि मेरा खाता आईसीआईसीआई बैंक में है, जहां से फोन पे माध्यम से पैसा लेने देन का कार्य करता हूं। 28 नवंबर को अपने तरिया वाले खेत में था, तभी शाम 7:20 बजे परचित पुरेन्द्र सिन्हा के मोबाइल नंबर से अपने मोबाइल नंबर पर कॉल किया और जानवर की दवाई ब्रोटोन को मेरे भाई विरेन्द्र साहू को देने के लिए कहा जिसकी कीमत 2150 रूपए बताने पर अपने मोबाइल से फोन पे किया। इसके लिए पुरेन्द्र सिन्हा की जगह पुरेन्द्र साहू निवासी कोगनी के खाते में चला गया। पुरेन्द्र सिन्हा ने मुझे मेरे फोन काल कर बताया कि मेरे फोन पे में पैसा नहीं पहुंचा है, जिसके बाद फोन पे को देखकर व पुरेन्द्र सिन्हा के बताये हुए टोल फ्री नंबर पर कॉल किया तो टोल फ्री नं. वाले ने मेरे फोन पे को चालू करने कहा तो मेरे द्वारा फोन पे चालू किया।

जिसमें कहा गया कि अपने मोबाइल नंबर के पांच डिजिट अंकित करे मेरे द्वारा अंतिम पांच डिजिट डालने पर उनके द्वारा फैल होना बताकर 9999 डालने के लिए कहा तो मैं 9999 डाल दिया जिसके बाद मेरे मोबाईल फोन पे से कुल राशि 95238 रुपए कट गए। फोन पे को चेक किया तो मेरा कुल रकम 95238 रुपए अज्ञात मोबाइल नंबर धारक के फोन पे के माध्यम से गया है।

# ग्राम धानापुरी में लगा राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर




**गुरूर।** ग्राम धानापुरी में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई शासकीय डीबीटी. महाविद्यालय गुरुर का सात दिवसीय विशेष शिविर मेरा युवा भारत का समापन हुआ।

मुख्य अतिथि सरपंच प्रभा कोर्राम ने कहा कि सात दिवसीय शिविर में बच्चों ने गांव की साफ सफाई एवं युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता कर रहे स्व.डारन बाई तारम महाविद्यालय गुरुर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा ने कहा कि आज युवाओं को बाबा साहेब अंबेडकर के सपनों को साकार करना है। गांव के विकास मे युवाओं का बड़ा योगदान होता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, उपसरपंच खोमन सिन्हा, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष देवनारायण सिन्हा, ग्राम पटेल शिवप्रसाद सलाम, पंच बिसंम्भर सिन्हा, मानिक राम सिन्हा, कोटवार सिया राम,टीकू राम सिन्हा ने भी संबोधित किया। अतिथियों ने मां सरस्वती एवं बाबा साहेब अंबडेकर की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित की। रात्रि मे कैम्प फायर का आयोजन कर रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। समापन समारोह के दौरान सभी एनएसएस के बच्चों को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डां केएल रावटे, कार्यक्रम अधिकारी प्रो.रोहित सोरी, सहायक कार्यक्रम अधिकारी प्रो.देवेन्द्र कुमार रात्रे, शिविर नायक योजस्वी सेन, शिविर नायिका धारनी साहू, अनुशासन प्रभारी वेदप्रकाश साहू, उप अनुशासन प्रभारी मीनाक्षी साहू एवं वरिष्ठ स्वयं सेवक, ग्रामीण, पंचगण उपस्थित थे।

# महतारी वंदन योजना से ढालेश्वरी के जीवन में आई खुशियां, स्वस्थ हुई बेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



छत्तीसगढ़ की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त, सुदृढ़ और आत्मनिर्भर बनाने संचालित की जा रही महतारी वंदन योजना से अब महिलाएं बेहतर से बेहतर कार्य कर रही हैं। ऐसा ही एक कार्य बालोद जिले के आमापारा निवासी ढालेश्वरी साहू ने किया है। एक समय था, जब ढालेश्वरी की लगभग 02 वर्ष की नन्हीं बेटी भाव्या कुपोषण से ग्रसित थी। कुपोषण की गंभीर समस्या से बेटी को परेशान देख ढालेश्वरी भी मायूस रहने लगी थी। लेकिन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में ढालेश्वरी की इस समस्या का हल संभव हो पाया है।

ढालेश्वरी ने बताया कि इस वर्ष फरवरी माह में उसने महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन किया था, जिसके बाद उसे मार्च माह से नियमित ही महतारी वंदन योजना की राशि प्रतिमाह उसके बैंक खाते में प्राप्त हो रही है। उसने बताया कि महतारी वंदन योजना की पहली किस्त की राशि प्राप्त होते ही उसने बैंक से राशि निकालकर उस राशि का उपयोग अपनी बेटी भाव्या के खान–पान को बेहतर बनाने के लिए किया, उसने पौष्टिक आहार, फल आदि लेकर, उसे नियमित रूप से खिलाना शुरू किया। जिसके पश्चात 02 से 03 महीने में ही बेटी भाव्या कुपोषण की श्रेणी से निकलकर सुपोषण की श्रेणी में आ चुकी है।

### बेटी को खुश देखकर परिवार भी खुश

अब उनकी बेटी खुशी के साथ घर के आंगन में खेलना, दौड़ना करती है, वह प्रतिदिन आंगनबाड़ी केन्द्र भी जाती है, जहां उसे बेहतर ढंग से प्रारंभिक शिक्षा दी जा रही है। भाव्या की खुशी देखकर अब परिवार भी खुश है। ढालेश्वरी बताती है कि उसकी बेटी भाव्या की खुशी के पीछे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की महतारी वंदन योजना से मिली आर्थिक मदद है, जिसका परिणाम है कि आज भाव्या सुपोषित हुई है। ढालेश्वरी ने महतारी वंदन योजना के बेहतर संचालन और प्रतिमाह आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को खुशी–खुशी धन्यवाद दिया है।

# अग्निवीर बन कर लौटे लवकुश का ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम



अग्निवीर भर्ती योजना सेना देश की सबसे महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके कारण गांवों से देशभक्ति, मातृसेवा का संकल्प लेकर युवा कमर तोड़ मेहनत कर अपनी प्रतिभा के दम पर चयनित होकर देश सेवा कर रहे हैं।

ग्राम पंचायत गोड़ेला के आश्रित ग्राम खुर्सीपार के युवक लवकुश हैदराबाद से अग्निवीर बन कर लौटे तो ग्रामीणों व युवाओं ने जमकर आतिशबाजी कर उनका जोरदार स्वागत किया। युवाओं ने गांव में डीजे के देशभक्ति धुन पर झूमते हुए देश के लाल लवकुश ठाकुर को कंधे पर उठाया। वहीं, महिलाओं ने घर आंगन में रंगोली सजाकर दीपक जलाकर कर आरती उतारकर स्वागत किया। पूरे गांव में झूमते नाचते हुए घर पहुंचने पर मां ललिता ठाकुर व दीनाराम ठाकुर की आंखों में खुशी के आंसू आ गए। गौरतलब हो कि बड़ा बेटा भी बीएसएफ जवान है, अब दोनों बेटे देश सेवा में लगे हैं। वहीं, ग्राम के युवक पारख साहू ने बताया कि ग्राम खुर्सीपार की मिट्टी में देश सेवा के प्रति युवा समर्पित हैं। इस गांव के लगभग दर्जन भर युवा आर्मी, पुलिस, अग्निवीर, फोर्स में सेवा दे रहे हैं। इस अवसर पर सरपंच रामेश्वर ठाकुर, मिथलेश ठाकुर, यीशु, मिथलेश ठाकुर सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### घनश्याम सिंह महाविद्यालय बालोद की रेड क्रॉस व एनएसएस इकाई ने किया आयोजन

# एड्स के खिलाफ जागरुकता के लिए विद्यार्थियों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





शासकीय घनश्याम सिंह महाविद्यालय बालोद में रेड क्रॉस विभाग और एनएसएस विभाग के सहयोग से विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं का शपथ ग्रहण कराया गया, इसके बाद रैली का आयोजन किया गया, मानव श्रृंखला द्वारा एड्स का प्रतीक चिन्ह बनाया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि आईसीटीसी काउंसलर जिला अस्पताल बालोद भाग्यश्री लक्ष्मी थी। विशेष अतिथि एसआईटी काउंसलर जिला हॉस्पिटल बालोद माया पवार, टीआई काउंसलर बालोद शाइना फातिमा, टीआई प्रोजेक्ट मैनेजर सूत्र समाज सेवी संस्था टीआई वेद प्रकाश साहू, बालोद से प्रोफेसर जीएन खरे, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय बालोद, प्रोफेसर टीआर ठाकुर, प्रभारी यूथ रेड क्रॉस महाविद्यालय बालोद, एनएसएस प्रभारी देवेंद्र साहू, एनएसएस के सभी छात्र–छात्राओं, यूथ रेड क्रॉस के सभी छात्र–छात्राओं ने एवं महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने सहभागिता निभाई। आईसीटीसी काउंसलर भाग्यलक्ष्मी द्वारा एचआईवी एड्स के संक्रमण एवं बचाव के बारे में सारगर्भित जानकारी दी गई। प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, समाज सेवी संस्था टीआई बालोद के प्रोजेक्ट मैनेजर वेद प्रकाश साहू द्वारा नार्कों स्ट्रक्चर, मुख्य एवं ब्रिज समुदाय के बारे में जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप



### जनसमस्या निवारण शिविर में 2 सौ आवेदन निराकृत

**रायपुर।** धरसींवा ब्लॉक के मांढर ग्राम पंचायत में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दो सौ आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर के दौरान विधायक अनुज शर्मा एवं कलेक्टर गौरव सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भूषण लाल साहू, भूषण राव कोटे, अंगेश्वर साहू, ढेला बह साहू, महेश कुम्भकार, संतोषी देवांगन, शिव कुमार साहू, मारूती देवांगन, जीवन लाल साहू, मिलेष तारक, अनुसुईया वर्मा, शलैन्द्री धीवर को आवास की चाबी सौंपी। इसके अलावा किसानों को बीज का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### मोहन का आधुनिक कृत्रिम हाथ बनेगा सहारा

**रायपुर।** एक वक्त था जब हाथ कटने के बाद एक हाथ से काम करना आसान नहीं हो पाता था, लेकिन आधुनिक कृत्रिम हाथ लोगों के काम न केवल आसान बना रहा है, बल्कि उन्हें हाथ कट चुका है, इसका एहसास भी नहीं होता। दुर्ग निवासी मोहन कन्हाई का एक हाथ कट जाने से दिव्यांग हो गया था, लेकिन निःशुल्क कृत्रिम फंक्शनबेल हाथ मिलने के बाद वह बहुत खुश है। उसका कहना है कि एक हाथ के कारण रोजगार की चिंता सताती थी, पर ऐसा नहीं है, क्योंकि दोनों हाथ से वह काम कर सकता है, इसलिए रोजगार भी उसे मिल जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह अत्याधुनिक कृत्रिम हाथ 36 से ज्यादा ग्रिप पैटर्न बनाने में सक्षम है और इसे एंड्राइड और साफ्टवेयर एप से भी संचालित किया जा सकता है। साथ ही, यह कृत्रिम हाथ चार्ज भी किया जाता जाता है। यह कृत्रिम हाथ 35 किलो तक वजन उठाने में सक्षम हैं।

### गैंती गैंग के 11 शातिर गिरफ्तार चोरी का माल खपाने और खरीदने वाले भी

**रायपुर।** राज्य के रायपुर सहित दुर्ग, महासमुंद, कोरबा, अंबिकापुर में घूम-घूमकर चोरी करने वाला एक नया चोर गिरोह सक्रिय है। क्राइम ब्रांच की टीम ने चोरी करने वाले इस गैंग से जुड़े आठ तथा चोरी के जेवर खरीदने के आरोप में तीन सराफा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। बदमाश चोरी करने के लिए ताला तोड़ने गैंती का उपयोग करते हैं। इसीलिए पुलिस ने इसे गैंती गैंग नाम दिया है। गैंती गैंग का सरगना बिलासपुर का शातिर चोर सृजन शर्मा उर्फ स्वराज है। गैंती गैंग को सृजन शर्मा ऑपरेट कर रहा था। मामले का खुलासा करते हुए रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि चोरी के आरोप में बिलासपुर, सरकंडा निवासी सृजन शर्मा, मुंगेली निवासी उमेश उपाध्याय तथा सफीक मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। माल खपाने के आरोप में मुंगेली निवासी हर्ष कुमार बंजारे उर्फ गोविंदा, मोहम्मद आसिफ सिद्दीकी, बिलासपुर निवासी कमलजीत कश्यप उर्फ जीतू तथा चोरी का माल खरीदने के आरोप में बिलासपुर निवासी जय कुमार सोनी, तखतपुर निवासी राजेश कुमार सोनी तथा रायपुर, बिरगांव निवासी भूषण कुमार देवांगन को गिरफ्तार किया है।

# बस्तर में बेहतर होगी रेल कनेक्टिविटी, रावघाट से जगदलपुर के लिए परियोजना रिपोर्ट तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रेलवे मंत्रालय द्वारा कांकेर जिले में रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की पहल

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में रेल कनेक्टिविटी को लेकर रेल मंत्रालय ने अहम कदम उठाए हैं, जिसका सीधा लाभ यात्रियों को मिलेगा। कांकेर जिले में रेल कनेक्टिविटी को लेकर दल्लीराजहरा-रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन परियोजना में कुल लंबाई 235 किमी को दो चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है। बता दें कि पहले चरण में दल्लीराजहरा से रावघाट तक 95 किमी रेल लाइन तैयार होनी है।

इस चरण में रेलवे ने दल्लीराजहरा से तारोकी, 77 किमी तक की लाइन चालू कर दी है। इस परियोजना पर 31 मार्च 2024 तक कुल 1,028 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। दूसरे चरण में रावघाट से जगदलपुर, 140 किमी पर कार्य होना है। इस चरण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, डीपीआर तैयार कर ली गई है।

**धमतरी से कोंडागांव तक रेल लाइन**

कांकेर जिले की रेल कनेक्टिविटी को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए धमतरी से कोंडागांव 183.19 किमी तक नई रेल लाइन के लिए सर्वेक्षण स्वीकृत किया गया है। यह नई लाइन बंस्कोट और अमरावती होते हुए गुजरेगी। यह पहल क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। इस रेल परियोजना का यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। ट्रेन से यात्री बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों तक पहुंच सकेंगे।



**बैठक**

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सदस्यों ने उठाए सवाल

**जनपद पंचायत डोंडी अध्यक्ष बसंती की अध्यक्षता में हुई सामान्य समिति की बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

गुरुवार को जनपद पंचायत डोंडी अध्यक्ष बसंती दुग्गा की अध्यक्षता में इस पंचवर्षीय की सामान्य प्रशासन समिति की अंतिम बैठक हुई। बैठक में डोंडी ब्लॉक में चल रही विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी जनपद पंचायत डोंडी के पदाधिकारी को दी गई।

बैठक में सीईओ डीडी मंडले ने उद्यानिकी तथा कृषि विभाग के अफसरों से कहा कि विभागीय अफसर तालमेल बनाकर काम करें और शासन के योजना तथा सब्सिडी का लाभ किसानों को अधिक से अधिक दिलाने के लिए काम करें। जनपद उपाध्यक्ष पुनीत राम सेन जनपद सदस्य संजय बैस राजेश चुरेंद्र ने कहा कि पिछले गर्मी के मौसम में सिंचाई विभाग द्वारा कराए गए तुलुटोला नहर लाइनिंग और अरमुरकसा नहर लाइनिंग के कार्यों में विभागय अधिकारी तथा संबंधित ठेकेदार गुणवत्ता पूर्वक कार्य नहीं करने के कारण नहर लाइनिंग पहली बारिश में उखड़ गई है। अरमुरकसा के पास 20 मीटर लंबा नहर लाइनिंग बह गई और 50 फीट गहरा हो गया है। नहर लाइनिंग बहाने के दौरान वहां से निकले मलबा से किसानों के खेत की फसल को नुकसान हुआ है। इसकी भरपाई कौन करेगा। साथ ही कहा कि तुलुटोला डायवर्सन में लिमहाटोला के पास तथा बामणी डायवर्सन में भी कई जगह से





सीमेंटीकरण वाली लाइनिंग उखाड़ने की शिकायतें आई हैं। सरकारी कार्य में भी गुणवत्ता पूर्वक कार्य करें।

### की जाएगी पशु गणना

पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा हर 5 साल में पशु संगणना कराई जाती है जिसके अंतर्गत नवंबर दिसंबर जनवरी-फरवरी महीने में होता है। उन्होंने बताया कि गाय बैल भैंस बकरी बकरा कुत्ता खरगोश आदि की गिनती गांव के पंच सरपंच पार्षद के साथ को साथ रखकर किया जाएगा। इसके लिए डोंडी ब्लॉक में 18 प्रगणक है तथा 5 सुपरवाइजर विभाग द्वारा नियुक्त किए गए हैं। पशुगणना के दौरान पशु के नस्ल उम्र किसान पशु के मालिक को केसीसी दुधारू गाय बकरी खरगोश कुत्ता मुर्गी की जानकारी ली जाएगी।

### 67 हजार पौधे तैयार

मत्स्य विभाग के एसके भीमटे ने बताया कि मत्स्य पालन के लिए शासन द्वारा 25 हेक्टेयर तालाब का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें साढ़े 16 हेक्टेयर तालाब को दिया जा चुका है इसमें गुजरा चिपरा जुनवानी कांडे पुसावड खैरवाही हाथीगोर्रा नर्रालगुडा चिखली मरकाटोला आदि शामिल हैं। इसी तरह वन विभाग के अफसर ने बताया कि मनरेगा के अंतर्गत गोटिया में 1 लाख पौधा तैयार करने का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध में 67 हजार पौधों को तैयार किया जा चुका है। इसके अलावा घोटिया मंगलतराई उरझे लिमउडीह में कूप कटिंग का कार्य चल रहा है। कुसुमकसा से चिपरा तक तीन किलोमीटर में सड़क किनारे वृक्षारोपण किया गया है।

**पीएम सौर ऊर्जा घर योजना की दी जानकारी:** बिजली विभाग के अफसर ने बताया कि पीएम सौर ऊर्जा घर योजना के तहत 1 किलोवाट बिजली उत्पादन के लिए 30 हजार 2 किलो वाट के लिए 60 हजार रुपए की सब्सिडी दी जाती है 1 किलो वाट में 300 यूनिट बिजली पैदा होती है। इसके लिए जानकारी सीएससी सेंटर से भी ले सकते हैं उद्यानिकी विभाग के द्वारा सब्जी फल फूल पौधे उत्पादन के लिए किसानों को दिए जाने वाले सब्सिडी के बारे में बताया गया बैठक में जनपद सदस्य ललित पोर्ते टीकम नेताम यश राम राणा ज्योति चंद्राकर हेमबती कुलदीप टेमिन निषाद निर्मल कोड़ो उमेद गावडे विभागीय अफसर में बीईओ मनरेगा पीओ एसडीओ वन विभाग महिला बाल विकास बिजली पशु चिकित्सा विभाग के अफसर मौजूद थे।

# नगर विकास के लिए भाजपा सरकार संकल्पित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

स्थानीय नगर पंचायत डौंडीलोहारा के विकास के लिए उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव द्वारा प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद निर्माण कार्यो के लिए लगातार दिए जा रहे स्वीकृति आदेशों का नगर पंचायत के भाजपा पार्षदों ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार नगर पंचायत के विकास के लिए राशि स्वीकृत करने के लिए संकल्पित है।

भाजपा पार्षदों ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से जिले तथा मंडल स्तर के भजापा नेताओं के द्वारा डौंडी लोहारा नगर पंचायत के विकास के लिए जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, छाया विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर सहित अन्य भाजपा नेताओं द्वारा लगातार प्रस्ताव देकर विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत कराया जा रहा है। इसलिए भाजपा सरकार बनने के बाद नगर पंचायत को मिलने वाली सभी राशि का श्रेय भाजपा सरकार तथा भाजपा के नेताओं को जाता है। भाजपा सरकार में हो रही स्वीकृतियों के लिए कांग्रेसियों को श्रेय लेने का प्रयास नही करना चाहिए।

### मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री का जताया आभार

स्थानीय नगर पंचायत के भाजपा पार्षदगण माया ठाकुर, सुभद्रा टांडेकर, रहिमत कोसमा, दशोदा भुआर्य, सोहद्रा देवांगन तथा पार्षद मनी बघेल ने संयुक्त से हर्ष व्यक्त करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही भाजपा संगठन के जिले के मुखिया जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, छाया विधायक एवम प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर सहित जिले एवं मंडल के अन्य सभी वरिष्ठ भाजपा नेताओं के प्रति समय-समय पर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए भी आभार व्यक्त किया है। भाजपा पार्षदों ने बताया कि नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने आश्वस्त किया है कि नगर विकास के लिए राशि की कमी नहीं होने दी जाएगी।

# राशन कार्ड में मृत व्यक्तियों के नाम ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- ग्राम पंचायत नेवारीकला का मामला

ग्राम पंचायत नेवारीकला में पंचायत द्वारा मृत व्यक्ति के नाम से राशन कार्ड जारी करने तथा उसका लाभ उठाने का आरोप लगाते हुए कुछ ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत नेवारीकला द्वारा 18 माह पूर्व मृत पति-पत्नी जो कि ग्राम पंचायत के एक जिम्मेदार पदाधिकारी के रिश्तेदार हैं। आरोपित व्यक्ति स्वयं पंचायत द्वारा अधिकृत एक पद पर कार्यरत है, इन सभी ने मिलकर नवीन राशन कार्ड में इन मृतकों के नाम है। इसमें पंचायत की सील व हस्ताक्षर कर नया राशन कार्ड जारी किया है। इसलिए संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। ग्रामीण गणेश राम व मुनेश साहू ने बताया कि ग्राम में आयोजित ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामीणों द्वारा लगातार यह मामला उठाया जा रहा था कि राशन कार्ड के माध्यम से भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है, जिसके तहत कई राशन कार्ड में पंचायत द्वारा बिना हस्ताक्षर व सील लगाए राशन कार्ड जारी कर दिया गया है। ग्रामीणों व ग्राम विकास समिति के सदस्यों ने यह निर्णय लिया है कि ग्राम में 600 राशन कार्ड हैं, ऐसे में अन्य राशन कार्ड में भी ऐसे ही अन्य मृत लोगों या अन्य तरीके से भ्रष्टाचार को अंजाम देने की आशंका है। इसलिए मामले की जांच की जाए।

# सुसाइड नोट मिलने पर भी एफआईआर नहीं महिला आयोग ने एसपी को लिखा पत्र, मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




आत्महत्या के एक प्रकरण में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने दुर्ग जिले के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर इस मामले से संबंधित पूरी जानकारी मांगी है। इस मामले में आत्महत्या करने वाले व्यक्ति ने सुसाइड नोट लिखा है, जिसमें मृतक द्वारा आत्महत्या के लिए एक महिला को जिम्मेदार बताया गया है। इस सुसाइड नोट के मिलने पर भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है, जिसे आयोग ने गंभीरता से लेते हुए मामले में अब रायपुर में सुनवाई करने का निर्णय लिया है।

आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक, सदस्य सरला कोसरिया एवं लक्ष्मी वर्मा ने बुधवार को मुंगेली स्थित कलेक्टोरेट सभा कक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान एक महिला ने प्रकरण लगाया था, जिसमें उसने आरोप लगाया है कि उसके पति सौरभ सोनी ने 3 सितंबर को आत्महत्या कर ली। इस दौरान पुलिस को सौरभ द्वारा लिखा एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें एक महिला को आत्महत्या का जिम्मेदार ठहराया है। इस मामले में जीआरपी थाना दुर्ग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इस पर आयोग ने दुर्ग के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है, जिसमें मामले की विस्तृत जानकारी एक माह में आयोग कार्यालय में देने के लिए कहा है।

महिला ने इसके साथ ही महिला के पति पर उसके साथ रेप करने का भी आरोप लगाया है, जिसकी रिपोर्ट मुंगेली थाने में दर्ज कराई है। आत्महत्या के एक अन्य प्रकरण में आयोग ने मुंगेली जिला पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर मुंगेली थाना से मामले की जांच रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। आयोग अब दोनों प्रकरणों पर अंतिम सुनवाई रायपुर में करेगा।

# शिवसेना ने की माइक्रो फाइनेंस कंपनियों की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



छत्तीसगढ़ शिवसेना बालोद द्वारा कलेक्टर एवं एसपी बालोद को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि जिले में माइक्रो फाइनेंस के नाम पर ग्रामीण इलाकों में आम गरीब महिलाओं के समूह बनवाकर लाखों करोड़ों रुपए लोन के नाम पर बांटे जा रहे हैं। एक-एक समूह को पांच से पन्द्रह बीस माइक्रो फाइनेंस द्वारा लोन दिया गया है।

यह मामला इन बैंकों की कार्यशैली और नैतिकता पर प्रश्न चिन्ह लगता है। शिवसेना जिलाध्यक्ष विजय पारख एवं जिले के शिवसेना नेता डॉ संजीव कुमार ने ज्ञापन के माध्यम से जिले के उच्चाधिकारियों से मामले की जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि आम जनता बैंकों के कर्ज़ के बोझ तले न दबे, इसलिए जांच जरूरी है। विजय पारख ने कहा कि गांव की भोली-भाली जनता इस तरह के कुकुरमुत्ते की तरह फैले माइक्रो फाईनेंस के छोटे-छोटे कर्जों से दबती जा रही है और आर्थिक स्थिति डांवाडोल हो रही है। माइक्रो फाइनेंस भारतीय रिजर्व बैंक की गाइड लाइन का पालन करें और शासन की महात्वाकांक्षी जन कल्याणकारी योजनाओं का अक्षरशः पालन हो।







## पेज 9 के शेष

### बच्चों के झगड़े में ...

बेटा अर्पित बीच बचाव करने लगा। इस पर तीनों ने हाथ, लात से एवं चीनू व हर्ष पत्थर, कांक्रिट से मारने लगा। बीच बचाव करने मेरी पत्नी मनस्वी दुबे आयी तो उसे भी पत्थर व कांक्रिट से मारपीट की। मारपीट से मुझे तथा मेरी पत्नी मनस्वी दुबे को चोट आई है। चंद्रिका दुबे की शिकायत पर भी तीनों के खिलाफ अपराध कायम किया गया है।

### बस की टक्कर से दोपहिया ...

के चालक ने सामने से ठोकर मारकर दी है। उसके बाद पिता देवल सिंह को गंभीर चोट आने से मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई, वहीं बड़े पिताजी को ठोकर मारने से दूर फेका जाने से उन्हें भी चोट आई है। घटना के बाद बस चालक वाहन लेकर फरार हो गया था।

### ग्राम रमतरा में डांस ...

2000 रुपये, तृतीय 1000 रुपये, चतुर्थ 700 रुपये एवं पंचम 500 रुपये प्रदान किया जाएगा। सहसचिव केदार कुरपाल ने बताया कि समापन समारोह की मुख्य अतिथि सरपंच सातो बाई ठाकुर होंगी, अध्यक्षता धर्मेंद्र साहडा करेंगे। पंच पूर्णिमा साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूर्णिमा साहू, गुलेश्वरी ठाकुर के आतिथ्य में सम्पन्न होगा।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### हेमलाल, महेश्वर, रूपराम और संतोष बने बूथ अध्यक्ष

**गुरूर**। शक्ति केंद्र पलारी में बूथ अध्यक्षों का चयन किया गया। सर्वसम्मति से बूथ क्रमांक 164 में हेमलाल साहू, बूथ क्रमांक 165 में महेश्वर साहू, बूथ क्रमांक 166 में रूपराम साहू, बूथ क्रमांक 167 में संतोष कुर्रे को सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र पलारी के चुनाव प्रभारी डॉ हरिकृष्ण गंजीर, सह प्रभारी नंदकुमार साहू, शक्ति केंद्र अरकार के प्रभारी संतोष गंगबेर, शक्ति केंद्र पलारी सह प्रभारी मनीष कुमार साहू एवं शक्ति केंद्र पलारी के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

### वीर में शामिल होने सीएम साय को दिया आमंत्रण




**गुरूर**। सर्व आदिवासी समाज द्वारा राजाराव पठार में आयोजित विराट वीर मेला में शामिल होने के लिए आमंत्रण देने सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। बताया गया कि मुख्यमंत्री ने प्रारंभिक तौर पर आमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

### सरस्वती शिशु मंदिर निपानी में हुआ परख सर्वेक्षण



**बालोद**। सरस्वती शिशु मंदिर निपानी में राष्ट्रीय परख सर्वे आंकलन परीक्षा कक्षा तृतीय एवं कक्षा षष्ठ के बच्चों की मानसिक योग्यता बौद्धिक विकास आधारित परीक्षा आयोजित हुई। इसमें कैलाश पकोडी एवं ममता डांडे निरीक्षक एवं संकुल समन्वयक जितेन्द्र कुमार बघेल एवं नोडल प्राचार्य सेजेस निपानी आरएस नायक, जोन प्रभारी प्राचार्य शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पीपरछेड़ी जेआर साहू, विद्यालय के संयोजक दिलीप कुमार डहरे, जिला ग्राम भारती बालोद के सदस्य युगल किशोर साहू, प्रधानाचार्य जोत कुमार गंगबेर, समस्त आचार्य उपस्थित थे।

### क्रिकेट प्रतियोगिता 23 से

**गुरूर**। ग्राम कोचवाही मुजालगोंदी में स्टार इलेवन क्रिकेट क्लब द्वारा 5 दिवसीय ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 27 दिसंबर तक किया गया है। स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 16,001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 9001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 5001 रूपये रखा गया है।

## निरीक्षण : नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज ने लगाए आरोप


# सरकार किसानों का पूरा धान नहीं खरीदना चाहती, सोसायटी पर कम खरीदी का दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बुधवार को नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा के नेतृत्व में निगरानी समिति में शामिल कांग्रेसियों ने उतई के उपकेंद्र खोपली सोसाइटी का निरीक्षण किया। कांग्रेसियों ने बताया कि यहां भी बरादानों की कमी, तौल में गड़बड़ी और टोकन वितरण में अव्यवस्था की शिकायतों का अंबार मिला। नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत व पूर्व मंत्री श्री साहू ने राज्य शासन की खरीदी प्रक्रिया पर सवाल उठाए और भाजपा सरकार द्वारा किसानों के साथ अन्याय पूर्ण व्यवहार किए जाने की बात कही।

■ एडीएम की उपस्थिति में दो घंटे तक चली त्रिपक्षीय वार्ता

वरिष्ठ नेता श्री वोरा ने आरोप लगाया कि 47 दिनों में 160 लाख मीट्रिक टन की धान खरीदी का लक्ष्य है, लेकिन सोसाइटियों को जानबूझकर प्रतिदिन कम खरीदी करने का दबाव बनाया जा रहा है। इस दौरान किसानों से चर्चा के बाद श्री महंत ने कहा कि 14 नवंबर से 31 जनवरी तक ही धान खरीदा जाना है, किंतु किसानों को टोकन नहीं दिया जा रहा है। सरकार इस वर्ष 160 लाख मीट्रिक टन के खरीदी लक्ष्य को पूरा नहीं करना चाहती है, जिस कारण सोसायटियों को सीमित खरीदी करने निर्देशित किया गया है। बारदानों की व्यवस्था तक कर पाने में सरकार असफल है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनावी वादे में 3100 रुपए की दर से 21 क्विंटल धान खरीदने का वादा किया था, किंतु उसके बाद केंद्र सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में 117 रुपए बढ़ाया गया। जिससे अब 3217 रु की दर से अन्नदाता को भुगतान होना चाहिए। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी व भिलाई निगम एमआईसी सदस्य सीजू एंथोनी, अध्यक्ष हस्त शिल्प बोर्ड नंदकुमार सेन, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख, प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जीतेन्द्र साहू, जनपद अध्यक्ष देवेंन्द्र देशमुख, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, अध्यक्ष नगर पंचायत उतई डिकेंद्र हिरवानी, खुमान साव, भीषम हिरवानी, जनार्दन साहू, दिवाकर गायकवाड़, तरुण बंजारे, प्रहलाद वर्मा, राकेश हिरवानी, प्रदीप पाटिल, द्वारिका साहू सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज ने अनावरी रिपोर्ट पर उठाए सवाल

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि, भाजपा सरकार बनने के बाद अपने वादे से मुकर गई है ना सिर्फ अनावरी रिपोर्ट गलत दिखा कर 14-15 क्विंटल ही धान लिया जा रहा है, बल्कि सिर्फ 2300 की दर से भुगतान किया जा रहा है, किसान समिति के चक्कर काट रहे हैं बारदाने की व्यवस्था भी नहीं है। उन्होंने धान का उठाव नहीं होने का भी आरोप लगाया।

## दिव्यांगता को कमजोरी न बनने दें : प्राचार्य



**अंडा**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अंजोरा(ख) दुर्ग में दिव्यांग दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य होरीलाल चतुर्वेदी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हमारे शाला के दिव्यांग व्याख्याता शिवनारायण देवांगन आस, मनोज कुमार गुप्ता व उमा राठौड़ कार्यरत हैं, जो अध्यापन के साथ हर क्षेत्र में अग्रणी रहते हैं। इनके काम को देखकर नहीं लगता कि दिव्यांग हैं। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य व सभी लोगों ने मिलकर व्याख्याता जीवविज्ञान शिवनारायण देवांगन, व्याख्याता वाणिज्य मनोज कुमार गुप्ता व व्याख्याता अंग्रेजी उमा राठौड़ को सम्मानित किया। वहीं शाला में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थी राजेश्वरी निषाद, वेदांत सिन्हा, चंदन, कुणाल निर्मलकर को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ शिवनारायण देवांगन व उमा राठौड़ ने कहा कि कभी भी हमें अपने आत्मविश्वास को कम नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता को कमजोरी न बनने दें और दिव्यांगों को देखकर अपमानित करने के बजाय उनका सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन भिनेश्वरी साहू व्याख्याता वाणिज्य व आभार प्रदर्शन सरस्वती श्रीवास्तव व्याख्याता संस्कृत ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता शशीकला चन्द्राकर, खुशबू जैमिनी, ममता देवांगन, सरस्वती श्रीवास्तव, शारदा साहू, भिनेश्वरी साहू, व्यायाम शिक्षक सुभाषिनी ऐलन, विज्ञान सहायक शिक्षक अभिलाषा साहू, मीना रावटे, आकाश दुबे सहित सभी व्याख्याता एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

■ हाईस्कूल अंजोरा में मनाया गया दिव्यांग दिवस, वक्ताओं ने किया प्रेरित

## लाटाबोड़ सोसायटी के प्राधिकृत अध्यक्ष धरमसिंह ने लिया पदभार



**लाटाबोड़**। सेवा सहकारी समिति लाटाबोड़ में प्राधिकृत अध्यक्ष धरमसिंह साहू ने पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य हरिशचन्द्र साहू ने की। विशेष अतिथि सरपंच गंगाप्रसाद साहू, उपसरपंच महेन्द्र यादव, कश्चित साहू, लिखन साहू, पुरन साहू, कयामत साहू, डोलेश्वर साहू, बलराम, सम्पत साहू आदि उपस्थित थे। प्राधिकृत अध्यक्ष धरमसिंह साहू ने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि लाटाबोड़ सोसायटी में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में चलाई जा रही समस्त योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। हरिशचन्द्र साहू ने कहा कि किसानों की भलाई के लिए सहकारिता से बेहतर कोई माध्यम नहीं हो सकता। सरपंच गंगा प्रसाद साहू ने कहा कि बिना भेदभाव के किसानों की सेवा करना अध्यक्ष व कर्मचारियों का लक्ष्य होना चाहिए। समारोह को कश्चित साहू, लिखन साहू महेन्द्र यादव एवं डोलेश्वर साहू ने भी संबोधित किया। संचालन पंचायत सचिव महेन्द्र साहू व आभार प्रदर्शन समिति प्रबंधक

## प्राथमिक शाला साल्हे के बच्चों को दी गई स्वच्छता की सीख




**बालोद**। शासकीय प्राथमिक शाला साल्हे के बच्चों को सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी नहीं करने, जगह जगह थूकना, गंदगी फैलाना दंडनीय अपराध है, की सीख दी। आने वाली पीढ़ियों को डेमो देकर समझाया गया और कहा गया कि चाहे घर हो, सार्वजनिक स्थान या सड़क, हम इस सभी जगह को स्वच्छ रखेंगे यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो उसे विनम्रता पूर्वक समझाना है।



## स्वीपर कन्हैया और रसोइया पत्रिका ने दिया न्योता भोज

**डौंडीलोहारा**। शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के स्वीपर कन्हैया लाल व रसोईया पत्रिका ने अपने जन्मदिन के अवसर पर, प्राथमिक व मिडिल स्कूल के बच्चों को न्योता भोज के अंतर्गत खीर, पुड़ी स्वयं अपने हाथों से परोसा। जिसे सभी बच्चों ने बड़े ही स्वादिष्ट भाव से उत्साह पूर्वक ग्रहण किया। इस अवसर पर मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र व प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक राजेश यादव व मिडिल स्कूल के सभी शिक्षकों नीलकंठ धनकर, जानकी देशमुख, व धनेश्वरी यादव तथा संकुल समन्वयक थानेश्वर लाल साहू ने न्योता भोज कराने के लिए कन्हैया लाल व पत्रिका को धन्यवाद दिया।

## शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में विश्व मृदा दिवस पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज:अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में विश्व मृदा दिवस के उपलक्ष्य में लघु व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता दुष्यंत साहू ने मृदा संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य सुधार और सतत कृषि के महत्व पर विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने मृदा के क्षरण से उत्पन्न चुनौतियों और इसके संरक्षण के लिए कारगर उपायों पर प्रकाश डाला। वहीं संतोष देवांगन ने मृदा से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों और उसकी उपयोगिता पर चर्चा की। इसी क्रम में भूगोल विभाग के प्रभारी प्राध्यापक बालाराम साहू ने कहा कि यह कार्यक्रम मृदा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने में सहायक सिद्ध होगा। आभार प्रदर्शन होलेश्वर देशमुख सहायक प्राध्यापक हिंदी ने किया।



## जनपद पंचायत क्र 4 के जनप्रतिनिधियों, आंबा कार्यकर्ता व सहायिकाओं का किया गया सम्मान

जनपद पंचायत सदस्य अनिल ने सफाईकर्मी, मितानिन व रसोइयों का भी किया सम्मान

हरिभमि न्यूज ▶▶| अंडा

जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 के जनपद सदस्य अनिल सोनी ने अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 5 पंचायतों के सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, रसोईया व सफाई कर्मियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर सभी 5 पंचायतों के सरपंच, पंच, सचिवों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, सफाईकर्मी, मितानिन व रसोईया सहित लगभग 200 प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीतीश मोंटी यादव जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 2 थे। साथ ही संध्या भारद्वाज जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 5 भी विशेष रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संध्या भारद्वाज ने कहा कि पहली बार ऐसा सम्मान समारोह किसी जनपद सदस्य ने आयोजित किया है जिसमें अपने क्षेत्र के सभी पंचायत प्रतिनिधियों को एक ही मंच में सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अनिल सोनी जी हमेशा विकास कार्यों के लिए तत्पर रहते हैं। इसलिए उनके क्षेत्र का नहीं होने पर भी उनकी मांग पर अपने मद की राशि स्वीकृत की।

कार्यक्रम के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों को शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को लेकर जनपद सदस्य अनिल सोनी ने कहा कि मैं पूर्व में भी ऐसे ही कार्यक्रम करने की तैयारी में था, किंतु विधानसभा चुनाव के कारण उस समय कार्यक्रम नहीं हो पाया। आज मुझे इस कार्यक्रम के आयोजन से बहुत ही सुखद अनुभव हो रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों तथा जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।





## कलंगपुर समिति अध्यक्ष दिलीप का किया गया सम्मान



**गुण्डरदेही**। तहसील साहू संघ गुण्डरदेही के कोषाध्यक्ष दिलीप कुल्हारे को कलंगपुर सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष बनने पर तहसील साहू संघ गुण्डरदेही के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ पहनाकर उनका स्वागत सम्मान किया है। बता दें कि दिलीप कुल्हारे को कलंगपुर सेवा सहकारी समिति का प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष डॉ मानसिंह सार्व सहित सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

## तहसील पेंशनर समाज की नई कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

तहसील पेंशनर्स समाज डौंडीलोहारा की नियमित बैठक नये भवन में गुरुवार को मां शारदा की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ किया गया। इसमें एस.बी.आई. डौंडीलोहारा के सहायक शाखा प्रबंधक श्री मेश्राम उपस्थित रहकर पेंशनभोगी सदस्यों को बैंक द्वारा विभिन्न योजनाओं के द्वारा दी जाने वाली ऋण सुविधा से अवगत कराया।

उसके बाद जिला उपाध्यक्ष चुन्नीलाल साहू के मार्गदर्शन में पूर्व कार्यकारिणी को भंग कर सर्व सम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष सियाराम शांर्वा ,उपाध्यक्ष एनआर गंगबोईर एवं रश्मि केराम, सचिव भगवंत देवांगन, कोषाध्यक्ष सीएल साहू, सह सचिव रघुनंदन सिंह ठाकुर, अंकेक्षक बीएस साहू, संरक्षक रामेश्वर ठाकुर, सलाहकार डी.आर. केकती,संगठन मंत्री भोमनसिंह ठाकुर, प्रचार मंत्री रोहित कुमार देवांगन कार्यकारिणी सदस्य एम. एल. साहू, गजेंद्र डड़सेना , भोलाराम साहू, हेमिन अठभैया, शकुंतला गोटे चुने गए।बैठक में नये सदस्य कपूरसिंह नेताम का स्वागत किया गया, भोलाराम साहू द्वारा 21 दिसंबर से हो रहे गायत्री यज्ञ में शामिल होकर निःशुल्क विभिन्न संस्कार में शामिल होने आमंत्रित किया। अंत में स्व.श्रीमती रम्भादेवी साहसी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

## 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 21 से प्रतिदिन निकाली जा रही प्रभातफेरी




**डौंडीलोहारा**। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 21 से 24 दिसंबर तक राष्ट्र जागरण 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ डौंडीलोहारा में किया जा रहा है। इसके प्रचार प्रसार करने के लिए गायत्री परिवार के भाईयों बहनों द्वारा सुबह 5:30 से डौंडीलोहारा नगर में प्रभात फेरी निकालकर नगरवासियों को आमंत्रण दिया जा रहा है। इसके साथ ही लोगों को जानकारी दी जा रही है कि कार्यक्रम के दौरान गर्भवती माताओं का पुंसवन संस्कार, बच्चों का मुंडन, विद्यारंभ, जन्मदिवस तथा युवाओं का दीक्षा संस्कार, विवाह दिवस संस्कार के लिए पंजीयन की अपील की जा रही है। प्रभात फेरी में भोलाराम साहू, मिलन सिन्हा, पुराणिक लाल सोरी, विशंभर सिंह बगमरिया, कैलाश नाथ साहू, वीरेंद्र साहू, पीलू राम साहू, दयालु राम पिकेश्वर, राजू साहू, शोभना देशमुख, तुलसी साहू, कौशल्या बगमरिया, कुन्ती सहारे, सावित्री कंवर, तेजेश्वरी, चेतना, गजानन, सूर्यांश साहू सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को दुर्ग-भिलाई, कवर्धा, बेमेतरा, बालोद और राजनांदगांव में सर्वे कार्य हेतु 10 युवक/युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो। इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास+भोजन की सुविधा
Resume Whatsapp करें
7489534456, 8319268069
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव